Regarding need to provide water to Jhunjhunu district, from Tajewala Head of Yamuna Canal-laid

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू) **:** मेरे संसदीय क्षेत्र झुन्झुनू में गिरते भू- जल स्तर के कारण सिंचाई लगभग बंद हो चुकी है । झुंझुनूं जिला कृषि आधारित जिला है । यहां कुओं का पानी सूख रहा है । पीने के पानी का भी संकट खड़ा हो रहा है । यमुना नहर का पानी झुंझुनूं जिले में लाने के लिए राजस्थान के सिंचाई विभाग ने यमुना नदी के ताजे वाले हैड से आंवटित जल पर दिनांक 27.10.2020 को केन्द्रीय जल आयोग के साथ हुई वी.सी. में परियोजना को दो चरणों में किय्रान्वयन करने का निर्णय लिया गया । जिसके अंतर्गत पेयजल हेतु प्रथम चरण में कार्य किया जाएगा तथा सिंचाई हेतु परियोजना का कार्य द्वितीय चरण में किया जाएगा । परियोजना की डी.पी.आर. केन्द्रीय जल आयोग को दिनांक 08.01.2021 को प्रेषित कर दी गई है । डी.पी.आर. के अनुसार प्रथम चरण की लागत रु. 14204.81 करोड़ रूपये एवं द्वितीय चरण की लागत राशि रु. 17162.04 करोड़ कुल लागत राशि रु 31366.86 करोड़ आंकी गई है । कई बार जिसके लिए उच्च स्तरीय बैठके भी हुई है लेकिन परिणाम शून्य है । अतः मै सरकार से अनुरोध करना चाहता हू कि राजस्थान के झुन्झुनू जिले को जल्द से जल्द यमुना नहर के ताजेवाला हेड से पानी दिलवाया जाए ।